हरिभूमि

नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 6 जुलाई 2026

नर्मदापुर | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कान्हावाड़ी...

07 पिपरिया भाजपा की कामकाजी बैठक संपन्न, कार्यकर्ता हुए...

जिला स्तरीय टास्क फोर्स एवं टाइगर सेल की बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

वन संरक्षण एवं मानव-वन्यजीव संघर्ष को रोकने हेतु कार्रवाई करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोमेश मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के रेवा सभाकक्ष में जिला स्तरीय टास्क फोर्स एवं टाइगर सेल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण एस. थोटा, वनमंडलाधिकारी गौरव शर्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन, अपर कलेक्टर अनिल जैन, उप संचालक सतपुड़ा टाइगर रिजर्व ऋषभा नेताम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने वन प्रबंधन से जुड़े मामलों के त्वरित निराकरण के लिए अनुविभागीय स्तर पर नियमित बैठकें आयोजित कर सभी आवश्यक कार्रवाई समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विस्थापित राजस्व ग्रामों के ऐसे पात्र परिवार, जिन्हें अब तक विस्थापन का लाभ प्राप्त नहीं हुआ है, उन्हें नियमानुसार शीघ्र मुआवजा उपलब्ध कराया जाए।

कलेक्टर की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के रेवा सभाकक्ष में जिला स्तरीय टास्क फोर्स एवं टाइगर सेल की बैठक आयोजित की गई।

वन्यजीवों के शिकार जैसी गतिविधियों पर अंकुश लगाएं

टाइगर सेल की बैठक के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने स्थानीय सूचना तंत्र को और अधिक सशक्त बनाने पर जोर देते हुए कहा कि वन्यजीवों के शिकार जैसी अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए सतत निगरानी रखी जाए। उन्होंने संवेदनशील क्षेत्रों के आदतन उपद्रवियों की सूची संबंधित एसडीएम को उपलब्ध कराने तथा सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के हॉटस्पॉट क्षेत्रों की जानकारी प्रशासन एवं पुलिस के साथ साझा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपराध घटित होने से पहले ही अपराधियों की गतिविधियों को चिन्हित कर संयुक्त प्रयासों से प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक के दौरान कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि राजस्व, वन एवं पुलिस विभाग आपसी समन्वय एवं सहयोग के साथ कार्य करें। विभागों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित कर वन संरक्षण, मानव-वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम तथा अन्य मामलों का प्रभावी एवं सकारात्मक निराकरण सुनिश्चित किया जा सकता है।

राजस्व क्षेत्र की भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण न होने दिया जाए : कलेक्टर

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि इको सेंसिटिव जोन अंतर्गत राजस्व क्षेत्र की भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण न होने दिया जाए। इस संबंध में संबंधित एसडीएम नियमित निगरानी रखें। साथ ही इको सेंसिटिव जोन में पूर्व से संचालित होटल, रिजॉर्ट एवं अन्य प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे के वैज्ञानिक एवं प्रभावी प्रबंधन के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने आरबीसी के तहत जनहानि के प्रकरणों में 48 घंटे के भीतर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आवश्यक समन्वय सुनिश्चित करते हुए समय-सीमा में रिपोर्ट उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया। इसके अतिरिक्त फसल क्षति के मामलों में भी शीघ्र सर्वे कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

चोरी के शक में युवक को पेड़ से बांधकर पीटा, 6 दिन बाद हुई मौत

अस्पताल के बाहर शव रखकर परिवार का हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

हिल स्टेशन पचमढ़ी में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां चोरी के शक में बेरहमी से पीटे गए एक युवक का वीडियो व्हाट्सएप पर वायरल हुआ है मारपीट के करीबन 6 दिन बाद युवक की मृत्यु हुई है। मृतक की पहचान सुनील परमाल के रूप में हुई है। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल के बाहर शव रखकर जमकर हंगामा किया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।

क्या है पूरा मामला?

परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, करीब एक सप्ताह पूर्व कुछ लोगों ने चोरी के शक में सुनील और एक अन्य युवक को बंधक बना लिया था। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि दो युवकों को रस्सी के सहारे एक पेड़ से बांधा गया है, जिनमें सुनील भी शामिल है। वीडियो में पीड़ित युवक उन लोगों के नामों का भी जिक्र कर रहा है जिन्होंने उसकी पिटाई की थी। यह वीडियो करीब 5 से 6 दिन पुराना बताया जा रहा है।

परिजनों का आरोप मारपीट से गई जान

मृतक के परिवार का कहना है कि इस बर्बरतापूर्ण मारपीट के बाद से ही सुनील की तबीयत लगातार बिगड़ती चली गई और आखिरकार उसकी मृत्यु हो गई। परिजनों ने बताया कि सुनील के शरीर पर चोट और मारपीट के गहरे निशान भी मौजूद हैं। परिवार को पूरी आशंका है कि इस बेरहमी से की गई पिटाई के कारण ही सुनील की जान गई है। मौत के बाद न्याय की मांग को लेकर परिजनों ने अस्पताल के बाहर शव रखकर विरोध प्रदर्शन भी किया।

पुलिस का कहना पीएम रिपोर्ट का इंतजार

इस पूरे मामले पर पचमढ़ी थाना प्रभारी सुरेखा निमोद ने बताया कि पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में ले लिया है।

वीडियो हुआ वायरल

घटना का वीडियो वायरल होने और युवक की मौत के बाद स्थानीय स्तर पर आक्रोश का माहौल है। पुलिस अब वायरल वीडियो के आधार पर मामले की कड़ियों को जोड़ने में जुटी है। देखना होगा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में क्या तथ्य सामने आते हैं और कानून हाथ में लेकर इस तरह की बर्बरता करने वालों पर प्रशासन क्या एक्शन लेता है। जांच एवं पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के बाद पुलिस तथ्य सामने रखेगी।हरिभूमि इसकी पुष्टि नहीं करता है कि युवक की मृत्यु मारपीट के ही कारण हुई होगी।

कार्रवाई की जाएगी

मामले की निष्पक्षता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के असल कारणों का खुलासा हो पाएगा। हालांकि, परिजनों ने मौखिक रूप से मारपीट की बात कही है, लेकिन अभी तक पुलिस के पास इस संबंध में कोई लिखित आवेदन या शिकायत नहीं पहुंची है। आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

सुरेखा निमोदा, थाना प्रभारी पचमढ़ी

ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

इटारसी। ग्वाल बाबा मुंबई आउटर के पास, भारत पेट्रोल पंप के सामने रेलवे लाइन पर शनिवार दोपहर करीब 2 से 3 बजे के बीच एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां एक व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों की सूचना पर तत्काल पहुंची सिटी पुलिस ने मृतक की शिनाख्त संतोष सेवरिया 45, पिता बदामी लाल सेवरिया निवासी मेहरागांव के रूप में की है। पुलिस के अनुसार, मृतक पेशे से पुताई (पेंटिंग) का काम करता था। सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा जाएगा। हादसा कैसे हुआ, पुलिस इसकी बारीकी से जांच कर रही है।

गौरीशाह बाबा की दरगाह में तोड़फोड़ करने पर मामला हुआ दर्ज

अज्ञात लोगों ने दरगाह पर लगी संगमरमर की जाली को तोड़ा, झंडे और चादर बाहर फेंक दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन नगर शनिवार की रात में बागरा, तवा नगर ,रोड पर स्थित गौरीशाह बादशाह की दरगाह में अज्ञात लोगों ने तोड़फोड़ की है घटना की जानकारी लगते ही मुस्लिम समुदाय की भीड़ जमा होने लगी। लोगों ने बताया बाबा की दरगाह पर सभी धर्म के लोग आते हैं लोगों की दरगाह में आस्था हैं।

शरारती तत्वों ने सद्भाव बिगाड़ने की कोशिश की है घटना की सूचना मिलते ही एसडीओ पी संजू चौहान टी आई कंचन सिंह राजपूत एवं राजस्व विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे पुलिस ने लोगों से अपील की है अफवाहो पर ध्यान ना दें। दरगाह में तोड़फोड़ से मुस्लिम समुदाय में आक्रोश है एसडीओ की संजू चौहान ने बताया अज्ञात व्यक्ति ने दरगाह के अंदर जो मजार पर संगमरमर की जाली लगी थी उन्हें तोड़ दिया है चादर और झंडे बाहर फेंक दिए हैं और इस्लामी धार्मिक किताबें भी बाहर पड़ी हुई है दरगाह की देखरेख करने वाले सलीम ने पुलिस में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा तोड़फोड़ करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है मौके पर पुलिस बल एवं राजस्व के अधिकारी मौजूद है।

मामला दर्ज किया

शनिवार रात को दरगाह में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा तोड़फोड़ की गई है। दरगाह की देखरेख करने वाले सलीम की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच में लिया गया है मौके पर पुलिस बल मौजूद है।

संजू चौहान, एसडीओपी

युवती से 1 लाख 90 हजार रुपए की ठगी, अज्ञात आरोपी पर मामला दर्ज

इटारसी। शहर के गांधी नगर इलाके में ऑनलाइन ठगी का एक बड़ा मामला सामने आया है, जहां एक शातिर साइबर ठग ने युवती को अपने जाल में फंसाकर उसके खाते से एक लाख नब्बे हजार रुपये उड़ा लिए। फरियादी की शिकायत पर इटारसी थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

1 जुलाई से 3 जुलाई के बीच हुई वारदात - पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, गांधी नगर वार्ड नंबर 23, सेल्स टैक्स ऑफिस के पीछे की रहने वाली 23 वर्षीय युवती अंजलि पिता ब्रजेश घारू के साथ यह ऑनलाइन धोखाधड़ी हुई है। शातिर ठग ने 1 जुलाई 2026 की दोपहर 2 बजे से लेकर 3 जुलाई की शाम 5:56 बजे के बीच अलग-अलग किस्तों में इस ठगी की वारदात को अंजाम दिया। जब युवती को अपने साथ हुई धोखाधड़ी का अहसास हुआ, तो उसने तुरंत थाने पहुंचकर पुलिस को आपबीती सुनाई। वहीं फरियादी अंजलि ने इटारसी थाने में मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। पुलिस टीम और साइबर सेल की मदद से आरोपी के बैंक खातों और मोबाइल नंबरों को ट्रैक किया जा रहा है।

इटारसी पुलिस की अपील - किसी भी अनजान व्यक्ति के कहने पर अपने बैंक खाते की जानकारी, ओटीपी या किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें। यदि आप किसी भी प्रकार के ऑनलाइन फ्रॉड का शिकार होते हैं, तो तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या नजदीकी पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराएं ।

साप्ताहिक हाट व्यवस्थित करने उतरे अधिकारी मार्ग अवरूद्ध करने वालों पर की चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर महोदय के निर्देश पर रविवारीय बाजार को व्यवस्थित करने के लिए एसडीएम देवेंद्र प्रताप सिंह, मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख एवं तहसीलदार सरिता मालवीय सहित नपा का अमला सड़क पर उतरा। इस दौरान उन्होंने सड़क किनारे फल एवं सब्जी के ठेले लगाकर मार्ग अवरूद्ध करने वाले लोगों को हटाकर निर्धारित स्थान पर पहुंचाया। साथ ही दोबारा उसी स्थान पर पाए जानेपर, मार्ग अवरूद्ध करने पर एवं गंदगी फैलाने पर जुर्माने एवं जब्ती की कार्रवाई के निर्देश दिए। यह कार्रवाई बाजार क्षेत्र में प्रतिदिन जारी रहेगी।

नपा की राजस्व शाखा के आरएसआई शेख अकबर ने बताया कि मुख्य नगपालिका अधिकारी श्री देशमुख के निर्देश पर दिन भर नपा की टीम बाजार क्षेत्र खासकर कोठी बाजार स्थित सब्जी बाजार में तैनात रही। साथ ही निर्देश का पालन करते हुए बाजार क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुगम बनाने के लिए कार्रवाई की जाती रही। इस जेल रोड के सामने, पुलिस लाइन के सामने तथा होमगार्ड आफिस तिराहे के पास सड़क किनारे से फल एवं सब्जी विक्रेताओं को अपने निर्धारित स्थानों पर पहुंचाया, जिससे यातायात व्यवस्था सुचारू रही। साथ ही मार्ग अवरूद्ध न करने की मुनादी भी कराई गई। कार्रवाई के दौरान नपा की राजस्व शाखा के आरएसआई शेख सिकंदर, सहित समस्त राजस्व अमला उपस्थित रहा।

कायस्थ समाज ने नर्मदा तट को स्वच्छ रखने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदा तटों की स्वच्छता और संरक्षण को लेकर रविवार को स्थानीय चित्रगुप्त घाट पर अखिल भारतीय कायस्थ समाज द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। समाज की मातृशक्ति और पुरुष सदस्यों ने मिलकर घाट परिसर तथा नर्मदा किनारे साफ-सफाई की। यह अभियान पिछले चार-पांच वर्षों से निरंतर चलाया जा रहा है, जिसके माध्यम से समाजजन नर्मदा तटों को स्वच्छ रखने और नागरिकों को जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त शिक्षिका एवं प्रखर समाजसेवी मंजू श्रीवास्तव ने कहा कि मां नर्मदा केवल नदी नहीं, बल्कि हमारी आस्था, संस्कृति और जीवन का आधार हैं। नर्मदा तटों की स्वच्छता हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि प्रत्येक नागरिक घाटों पर गंदगी न फैलाने का संकल्प ले, तो नर्मदा तटों को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखना संभव है।

3 अगस्त को निकलेगी आदिवासियों की विशाल महारैली, धर्मांतरण के खिलाफ सौंपेंगे ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मध्यप्रदेश आदिवासी युवा संघ और समस्त आदिवासी संगठनों के तत्वावधान में आज इटारसी में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित कर विश्व आदिवासी दिवस की रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में निर्णय लिया कि 9 अगस्त को बड़ादेव पूजन किया जाएगा, जिसके बाद 13 अगस्त को इटारसी में एक विशाल महारैली निकाली जाएगी।यह रैली रानी दुर्गावती नगर वार्ड 03) से शुरू होकर पारंपरिक ढोल-मांदल और डीजे की थाप पर शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए नया बस स्टैंड पर संपन्न होगी। रैली को आकर्षक बनाने के लिए महापुरुषों की झांकियां निकाली जाएंगी। इसमें गोंडी गायिका प्रियांशी भल्लावी और विशाल काकोड़िया अपनी सुरीली प्रस्तुतियों से समाज को जागरूक करेंगे। शिक्षा व अन्य क्षेत्रों में समाज का नाम रोशन करने वाले होनहार छात्रों को प्रोत्साहित किया जाएगा। रैली के बाद एक विशेष शिविर आयोजित होगा, जहां लोगों की समस्याएं सुनी जाएंगी और निशुल्क ब्लड टेस्ट किया जाएगा ताकि जरूरत पड़ने पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके।

बैठक में प्रमुख रूप से अमर सलाम, बंटी धुर्वे, संतोष मस्कोले, नर्मदा परते, आकाश कुशराम, राहुल प्रधान, विनोद वड़ीवा, राघवेंद्र उइके, अंकित मस्कोले, विवेक युवने, सचिन प्रधान, अर्जुन मरकाम आदि शामिल रहे।

जैसवानी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने किया स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

225 मरीजों का हुआ परीक्षण, हजारों की जांचें हुईं मुफ्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में उत्कृष्टता और मानव सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण पेश करते हुए, नगर के प्रतिष्ठित जैसवानी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा रविवार को एक विशाल 'निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श महाशिविर' का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ उठाया। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा कुल 225 मरीजों का सघन स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिससे आमजन को बड़ी राहत मिली है। साथ ही अस्पताल प्रबंधन के इस प्रयास की सराहना की गई।

इस महाशिविर की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि यहां मरीजों को वे आधुनिक जांचें मुफ्त में उपलब्ध कराई गईं, जिनका खर्च आम दिनों में हजारों रुपये होता है। शिविर में प्राप्त आंकड़ों के अनुसार सभी 225 मरीजों की बीपी (B.P.) एवं ब्लड शुगर की निशुल्क जांच की गई। लगभग 150 मरीजों की HBA1C जांच हुई 100 मरीजों की लिपिड प्रोफाइल और यूरिक एसिड की जांच की गई। 100 मरीजों की जर्मनी की आधुनिक मशीन द्वारा न्यूरोपैथी (नसों की जांच) की गई।

50 मरीजों की ईसीजी (ECG) तथा अन्य मरीजों की थायराइड जांच भी मुफ्त की गई। अत्याधुनिक मशीनों से हुआ परीक्षण और विशेष जांचों पर मिली 25% की छूट दी गई। अस्पताल प्रबंधन ने मरीजों को हर संभव चिकित्सा सुविधा देने का प्रयास किया। शिविर में PFT मशीन द्वारा दमा, एलर्जी और छाती रोगों के लिए स्पायरोमेट्री परीक्षण किया गया। साथ ही अस्पताल प्रबंधन ने मरीजों को हर संभव चिकित्सा सुविधा देने का प्रयास किया। शिविर में PFT मशीन द्वारा दमा, एलर्जी और छाती रोगों के लिए स्पायरोमेट्री परीक्षण किया गया।

इसके अतिरिक्त, डॉक्टरों के परामर्श पर कुछ विशेष और महंगी जांचों ECHO, TMT, USG, CT Scan, X-ray और Pathology tests पर अस्पताल द्वारा मरीजों को 25% की विशेष छूट भी प्रदान की गई। वहीं आयोजन को सुचारू और व्यवस्थित रूप से चलाने के लिए अस्पताल का शीर्ष प्रबंधन स्वयं मैदान में डटा रहा। अस्पताल के संचालक व वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. के. एल. जैसवानी, डॉ. दीपक जैसवानी, डॉ. गौरव जैसवानी एवं विक्की जैसवानी (रवि भैया) द्वारा स्वयं पूरी व्यवस्थाओं की निगरानी की गई।

नागरिकों ने की प्रशंसा

स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने और समाज के हर वर्ग को महंगी चिकित्सा सुविधाएं निःशुल्क सुलभ कराने के इस पुनीत कार्य के लिए जैसवानी अस्पताल की चारों ओर प्रशंसा हो रही है। अस्पताल का यह कदम साबित करता है कि वे केवल चिकित्सा के क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि सामाजिक सरोकार निभाने में भी अग्रणी हैं।

एसडीएम ने किया खरीदी केंद्र का निरीक्षण

नर्मदापुरम। जिले में मूंग उपार्जन प्रक्रिया का निरंतर निरीक्षण कर खरीदी केंद्रों पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि किसानों से उपज का सुचारु एवं पारदर्शी तरीके से उपार्जन किया जा सके। इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नर्मदापुरम श्री देवेंद्र प्रताप सिंह ने तहसील माखननगर के ग्राम सांगाखेड़ा कला स्थित बालाजी वेयरहाउस में सेवा सहकारी समिति रायपुर द्वारा स्थापित मूंग खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान समिति प्रबंधक दीपक थापक से खरीदी की तैयारियों की जानकारी ली गई। एसडीएम ने केंद्र पर मानव संसाधन, तौल कांटे, बारदाना सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण कर मूंग खरीदी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों को उपार्जन केंद्र पर किसी प्रकार की असुविधा न हो।

श्री गौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज की मातृशक्ति ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय कदम बढ़ाते हुए श्री गौड़ मालवीय ब्राह्मण समाज, इटारसी के महिला मंडल ने आज पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान महिलाओं ने करीब 20 पौधे लगाए और विभिन्न बीजों की मदद से लगभग 500 'सीड बॉल्स' बीज के गोले तैयार किए। बारिश के मौसम में इन सीड बॉल्स को पहाड़ियों की निचली सतह पर डाला जाएगा, ताकि बारिश के पानी के साथ बहकर आने वाली उपजाऊ मिट्टी में पनप कर ये विशाल पेड़ों का रूप ले सकें। इससे पर्यावरण हरा-भरा होगा और पशु-पक्षियों को भी सुरक्षित आश्रय मिलेगा। इस अवसर पर महिला मंडल ने सभी नागरिकों से अनिवार्य रूप से पौधारोपण करने की अपील की है। इस पर्यावरण हितैषी कार्यक्रम में मुख्य रूप से अध्यक्ष अर्चना मालवीय, सचिव किरण मालवीय, कोषाध्यक्ष संगीता संदीप मालवीय, संरक्षक भारती मालवीय व ममता मालवीय, सलाहकार अर्चना मालवीय आदि मौजूद रहीं।

खबर संक्षेप

मोहनलाल धुर्वे मप्र पटवारी संघ के निर्विरोध जिलाध्यक्ष बने

बैतूल। संघे शक्ति कलियुगे के मूल मंत्र को साकार करते हुए मप्र पटवारी संघ के जिला अध्यक्ष पद का निर्वाचन सम्पन्न हुआ। संगठन की एकता, अनुशासन और संप्रभुता का परिचय देते हुए सभी पटवारी साथियों ने सर्वसम्मति से मोहनलाल धुर्वे को निर्विरोध जिला अध्यक्ष निर्वाचित किया। निर्वाचन प्रक्रिया का संचालन संभागीय अध्यक्ष नर्मदापुरम कन्हैया व्यास के मार्गदर्शन में निर्वाचन अधिकारी सुखराम सिरसाम द्वारा सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर संघ के संरक्षक एवं पूर्व जिलाध्यक्ष जितेंद्र पवार,वर्तमान कार्यकारी जिलाध्यक्ष अवधेश वर्मा प्रांत टीम से केशव कांत कोसे एवं दिलीप करोचे सहित जिले की सभी तहसीलों के तहसील अध्यक्ष तथा जिले के लगभग चार सौ से अधिक पटवारी साथी उपस्थित रहे। इस मौके पर मोहनलाल धुर्वे ने कहा कि उनकी प्राथमिकता जिले के पटवारियों के वर्तमान के सभी ज्वलंत मुद्दों के प्रभावी समाधान पर रहेगी। उन्होंने विश्वास दिलाया कि प्रत्येक पटवारी की समस्या को संगठन की समस्या मानते हुए उसका समाधान करने के लिए हर स्तर पर प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं पटवारी ने श्री धुर्वे को बधाई दी।

10 दिन से खुदी पड़ी सड़क, कीचड़-पानी और गड्ढों से जूझ रहे लोग

गाड़ाघाट से कारगिल चौक तक सात करोड़ की सड़क निर्माण में मनमानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शहर में विकास कार्यों की धीमी रफ्तार और निर्माण एजेंसियों की लापरवाही का खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। बारिश के मौसम में हालात और भी खराब हो गए हैं। गाढ़ाघाट से कारगिल चौक तक लगभग 7 करोड़ रुपये की लागत से बन रही सडक़ का निर्माण कार्य अव्यवस्थित तरीके से किए जाने के कारण लोग पिछले कीचड़, पानी और गड्ढों के बीच आवागमन करने को मजबूर हैं। उल्लेखनीय है कि बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल के प्रयासों से सबसे व्यस्ततम मार्ग कारगिल चौक से अखाड़ा चौक गाडाघाट होते हुए ओल्ड एनएच 69 तक 7 करोड़ 89 लाख 35 हजार रुपए की लागत से 2.70 किमी सडक का निर्माण होना है। जिसके लिए विभाग ने चार माह पहले सडक़ की नपाई कर अतिक्रमण चिन्हित किये थे। इन अतिक्रमण के हटने के बाद काम में तेजी आने की उम्मीद थी, लेकिन अभी भी निर्माण कार्य कछुआ चाल में चल रहा है। जिसका खामियाजा आमजनता को चुकाना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार निर्माण कार्य शुरू हुए काफी समय बीत चुका है, लेकिन अब तक केवल करीब 25 प्रतिशत सडक़ का ही निर्माण पूरा हो सका है। सबसे अधिक परेशानी मेघनाथ चौक से बच्चा जेल की ओर करीब 200 मीटर लंबे हिस्से में हो रही है, जहां लगभग 10 दिन पहले सडक़ की खुदाई कर दी गई थी, लेकिन अब तक निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया। दूसरी ओर बीच के कई हिस्सों में सडक़ अधूरी छोड़ दी गई है, जिससे पूरी सडक़ पर आवागमन अव्यवस्थित हो गया है।

बारिश के कारण खुदी सडक़ पर भर रहा पानी

बारिश के कारण खुदी हुई सडक़ पर पानी भर गया है और जगह-जगह कीचड़ फैल गया है। जिससे दोपहिया वाहन चालकों को फिसलने का खतरा बना हुआ है, जबकि चारपहिया वाहन भी उबड़-खाबड़ रास्ते के कारण धीमी गति से चल रहे हैं। पैदल चलने वाले लोगों, स्कूली बच्चों, मरीजों और बुजुर्गों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रहवासियों का कहना है कि सडक़ निर्माण नियमानुसार चरणबद्ध तरीके से होना चाहिए, ताकि एक हिस्से का काम पूरा होने के बाद ही दूसरे हिस्से की खुदाई की जाए। लेकिन ठेकेदार द्वारा कहीं भी खुदाई कर दी जा रही है और कई स्थानों पर निर्माण कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। इससे पूरे क्षेत्र में अव्यवस्था की स्थिति बन गई है। स्थानीय नागरिकों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों पर भी अनदेखी का आरोप लगाया है।

पांच वार्डों से गुजरती है सडक

उल्लेखनीय है कि 7.89 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली कारगिल चौक से अखाड़ा चौक होते हुए गाड़ाघाट ओल्ड एनएच तक 2.70 किमी की सडक नपा बैतूल के महावीर, चंद्रशेखर, प्रताप, इंदिरा एवं अम्बेडकर वार्डो से गुजरती है। इसके अलावा शहर के उक्त व्यस्ततम मार्ग में लिंक रोड पर बडी संख्या में हॉस्पीटल, मेडीकल स्टोर्स, बडे स्कूल, कोचिंग संस्थान सहित अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठान स्थित है। साथ ही अखाड़ा चौक टिकारी में सुप्रसिद्ध हनुमान मंदिर स्थित है। जिसके चलते इस मार्ग पर वाहनों का मूवमेंट अधिक होने से अक्सर ट्रैफिक रहता है। इस अतिव्यस्तम सडक निर्माण की मांग लंबे समय से की जा रही थी। लेकिन निर्माण की धीमी गति के कारण अब लोगों में नाराजगी बनी हुई है। लोगों का कहना है कि जितनी सडक़ बनाई जानी है, उतनी की ही खुदाई करनी थी, लेकिन ठेकेदार ने खुदाई करने के बाद सडक़ जस की तस छोड़ दी है। जिससे बारिश में पानी भर गया है।

10 मीटर चौड़ी बनना है सड़क

कारगिल चौक से गाड़ाघाट तक लिंक रोड की चौड़ाई करीब 7 मीटर है। टू-लेन निर्माण के लिए इसको करीब 10 मीटर चौड़ा किया जा रहा है। कुल 2140 मीटर हिस्से सीसी रोड और 560 मीटर हिस्से में डामरीकृत सडक बनेगी। सडक की चौड़ाई बढ़ने से वाहन चालकों को आवागमन में फायदा मिलेगा। इटारसी रोड गाड़ाघाट से सीधे कारगिल चौक पहुंचा जा सकेगा। अभी भी इसी मार्ग से लोग आना-जाना करते हैं। टू-लेन बनने से इस सडक से आवागमन आसान हो जाएगा। वहीं टिकारी क्षेत्र के रहवासियों को भी इस सडक़ के बनने से फायदा होगा। लोग सीधे गंज रेलवे स्टेशन व कोठीबाजार बस स्टैंड पहुंच सकेंगे। बताया जा रहा है कि यहां अब तक डामर सडक है, इसकी जगह पर करीब 7 करोड़ की लागत से दो किमी लंबी सीसी सडक बनाई जायेगी। इसमें बीच में कुछ हिस्सा डामर सडक का रहेगा।

इनका कहना है

मौके का निरीक्षण कर स्थिति देखी जाएगी। ठेकेदार को शीघ्र ही निर्माण करने और व्यवस्थित तरीके से निर्माण करने के निर्देश दिए जाएंगे।

- मनीष मरकाम, ई.ई. पीडब्ल्यूडी विभाग, बैतूल ।

तीन दिन की बारिश में बही सोयाबीन फसल

दो दर्जन किसानों को नुकसान सर्वे और मुआवजे की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल/भैसदेही

भीमपुर तहसील के ग्राम धामदेही में लगातार तीन दिनों की मूसलाधार बारिश से गाड़ाघाट नदी उफान पर आ गई। नदी का पानी खेतों में घुसने से दो दर्जन से अधिक किसानों की खड़ी सोयाबीन समेत खरीफ फसलें बह गईं। प्रभावित किसानों ने प्रशासन से तत्काल नुकसान का सर्वे कर राहत राशि और मुआवजा देने की मांग की है। भीमपुर क्षेत्र में अब तक 176 मिमी बारिश दर्ज की गई है। हालांकि धामदेही और आसपास के क्षेत्रों में इससे भी अधिक वर्षा होने के कारण गाड़ा घाट नदी में बाढ़ आ गई। तेज बहाव के चलते नदी का पानी खेतों में भर गया और कई किसानों की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। ग्राम धामदेही के किसान शंकर धुर्वे, मानसिंह धुर्वे सहित अन्य प्रभावित किसानों ने बताया कि सालभर की मेहनत कुछ ही घंटों में बाढ़ के पानी में बह गई। उनका कहना है कि हर साल बाढ़ से खेतों को नुकसान होता है, लेकिन आज तक इस समस्या का कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। लगातार बारिश के कारण गाड़ा घाट नदी पर बनी पुलिया भी जलमग्न हो गई। इससे आशापुर-खंडवा मार्ग करीब दो दिनों तक बंद रहा।

बालक छात्रावास पाढर के पूर्व छात्र सावजी धुर्वे और शिवराम धुर्वे अब नर्मदापुरम में पढाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बालक छात्रावास पाढर के पूर्व छात्र सवाजी धुर्वे और शिवराम धुर्वे का माध्यमिक शिक्षक संस्कृत के पद पर सांदीपनि स्कूल सोहागपुर और पीएम श्री स्कूल बागरा तवा जिला नर्मदापुरम में चयन हुआ है। इस अवसर पर पाढर स्कूल के प्राचार्य राधेश्याम भास्कर व पूर्व छात्रावास अधीक्षक संजय श्रीवास्तव वर्तमान अधीक्षक श्याम सिंग परते एवं शाला स्टाफ ने बधाई दी है।

दो दिन तक पहचान नहीं होने पर उठाई अंतिम संस्कार की जिम्मेदारी

अज्ञात मृतक का राष्ट्रीय हिंदू सेना ने किया अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

सडक़ दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए एक अज्ञात वृद्ध की उपचार के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। दो दिनों तक कोतवाली पुलिस, खेड़ी सांवलीगढ़ पुलिस एवं जिला अस्पताल पुलिस द्वारा मृतक की पहचान कराने के लगातार प्रयास किए गए, लेकिन कोई परिजन या परिचित सामने नहीं आया। इसके बाद राष्ट्रीय हिंदू सेना ने एक बार फिर मानवता का परिचय देते हुए मां माचना मोक्ष धाम में पूरे हिंदू रीति-रिवाज के साथ मृतक का सम्मानजनक अंतिम संस्कार कराया। जानकारी के अनुसार 3 जुलाई की रात्रि 3:54 बजे 108 एंबुलेंस द्वारा सडक़ दुर्घटना में घायल एक अज्ञात व्यक्ति को नेशनल हाईवे से जिला अस्पताल बैतूल लाया गया, जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए आईसीयू में भर्ती किया गया। उपचार के दौरान 4 जुलाई की सुबह 5:55 बजे उसकी मृत्यु हो गई। जिला अस्पताल चौकी प्रभारी एएसआई जयपाल सिंह रघुवंशी ने बताया कि 4 जुलाई को उनकी मौजूदगी में मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया। मृतक की आयु लगभग 65 वर्ष, लंबाई लगभग 5 फीट तथा दाढ़ी बड़ी हुई थी। दो दिनों तक कोतवाली पुलिस, खेड़ी सांवलीगढ़ पुलिस एवं जिला अस्पताल पुलिस ने मृतक की शिनाख्त के लिए हरसंभव प्रयास किए, लेकिन कोई भी परिजन या पहचानकर्ता सामने नहीं आया। इसके बाद राष्ट्रीय हिंदू सेना ने मां माचना मोक्ष धाम में हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार उसका अंतिम संस्कार कराया गया। जिला अस्पताल से मोक्ष धाम तक माझी एंबुलेंस संचालक दुर्गेश किरोदे की एंबुलेंस के सहयोग से शव को लाया गया। राष्ट्रीय हिंदू सेना के प्रदेश अध्यक्ष दीपक मालवीय ने कहा कि संगठन पिछले लंबे समय से ऐसे अज्ञात एवं असहाय मृतकों का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार कर मानव सेवा का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति की पहचान हो या नहीं, मृत्यु के बाद उसे सम्मानजनक विदाई मिलना प्रत्येक समाज की नैतिक जिम्मेदारी है। राष्ट्रीय हिंदू सेना आगे भी इसी प्रकार सेवा कार्यों को निरंतर जारी रखेगी। समाजसेवी रोहित ठाकुर ने कहा कि किसी अज्ञात व्यक्ति का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार करना सबसे बड़ी मानव सेवा है। ऐसे कार्य समाज में संवेदनशीलता और मानवीय मूल्यों को मजबूत करते हैं तथा प्रत्येक नागरिक को इससे प्रेरणा लेनी चाहिए। अंतिम संस्कार के दौरान अस्पताल चौकी पुलिस के प्रधान आरक्षक विजय बड़ौदे, दीपक गलफट, सुमित उच्चसरे, लीलाधर पटेल सहित राष्ट्रीय हिंदू सेना के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

संयुक्त मोर्चा ने केंद्रीय राज्यमंत्री डी.डी. उइके को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

संसद के आगामी मानसून सत्र से पहले वर्ष 2010 के पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए टेट परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर बैतूल जिले के शिक्षा विभाग के विभिन्न शिक्षक संगठनों ने संयुक्त मोर्चा के बैनर तले एकजुट होकर आवाज बुलंद की। रविवार 5 जुलाई को संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने अनुसूचित जनजाति केंद्रीय राज्य मंत्री डी.डी. उइके के गृह निवास पहुंचकर उन्हें ज्ञापन सौंपा और केंद्र सरकार से इस संबंध में नया अध्यादेश पारित कराने का आग्रह किया। ज्ञापन में मांग की गई कि वर्ष 2010 के पूर्व से नियुक्त शिक्षकों को टेट परीक्षा की बाध्यता से मुक्त किया जाए तथा संसद के आगामी मानसून सत्र में इस संबंध में नया अध्यादेश लाकर लंबे समय से लंबित मांग का समाधान किया जाए। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि लंबे समय से सेवा दे रहे शिक्षकों के हितों को ध्यान में रखते हुए इस विषय पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लिया जाना आवश्यक है। संयुक्त मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल में मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष सचिन राय, भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष पंजाब गायकवाड, आदर्श शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष राजेंद्र कटारे, ट्राईबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष प्रवीण नरवरे, पुरानी पेंशन बहाली के जिला अध्यक्ष रवि सरनेकर, राज्य अध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष भीमराव धोटे, आजाद अध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष विनय सिंह राठौड़, अध्यापक संघ के जिला अध्यक्ष मदनलाल डढोरे, कोषाध्यक्ष प्रकाश सिंह देवडे, राजू अठनेरे, मुकेश उपराले, योग शिक्षक रंजीत धुर्वे सहित अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय राज्य मंत्री से शिक्षकों की मांग को संसद तक पहुंचाने और उसके शीघ्र निराकरण के लिए आवश्यक पहल करने का आग्रह किया।

भाजपा का जिला कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

देश में राष्ट्रवाद की स्थापना करने वाले डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी : राव उदय प्रताप सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

23 जून से 6 जुलाई डा.श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी की 125 वीं जन्मजयंती संस्मरण पक्ष मे आयोजित रविवार को जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन स्थानीय मैरीज गार्डन में संपन्न हुआ। सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार के मंत्री व मुख्यवक्ता राव उदयप्रताप सिंह ने कहा कि आजादी के बाद गठित सरकार में मंत्री रहने के बाद भी राष्ट्रवाद के लिए डा.श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी के त्याग को हम सभी जानते है।

देश में राष्ट्रवाद की स्थापना करने वाले डा.मुखर्जी जी ने जिस विचार धारा के साथ जनसंघ की स्थापना की वे संकल्प आज मोदी जी के नेतृत्व में सीद्ध हो रहे है। वह तारीख 5 अगस्त 2019 थी जिसने हर भारतीय को गर्व से भर दिया श्री सिंह ने कहा कि दो विधान, दो निशान और दो प्रधान के खिलाफ संघर्ष करते हुए डा.श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। लेकिन उनके विचार और संघर्ष के चलते जनसंघ से भाजपा तक का सफर हर कार्यकर्ता के लिए प्रेरणा का कार्य करता है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आत्म निर्भर भारत की बुनियाद भी मुखर्जी जी के पहले उघोग मंत्री रहते रखी गई थी। वही दुनिया में सबसे समृद्व राष्ट्र बनने का लक्ष्य मोदी जी ने 2047 रखा है। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए संपूर्ण परिश्रम के साथ सभी कार्यकर्ताओं को जुटकर इस संकल्प की भी सिद्वी करनी है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए केन्द्रीय राज्य मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद दुर्गादास उइके ने कहा कि डा.श्यामाप्रसाद मुखर्जी भारतीय जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक एवं भारत की एकता और अखंडता के महान प्रहरी थे। जीवन में राष्ट्रहित को सर्वोपरी रखने ,सांस्कृतिक जनचेतना को सशक्त करने और सेवा समर्पण के भाव के साथ कार्य करने की प्रेरणा हमें मुखर्जी जी के व्यक्तित्व से मिलती है। श्यामाप्रसाद मुखर्जी जी के सपनो को पूरा करने के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दिन रात जुटे हुए है। अखंड भारत का निर्माण और काश्मीर को भारत का अंग बनाना मुखर्जी जी का सपना था जिसे मोदी जी ने पूरा किया है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिला संगठन प्रभारी एवं पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता ने कहा कि पूरा पखवाडा अपने नवाचारो के लिए प्रदेश में पहचान बनाने वाला रहा है। कार्यक्रमो की सफलता के साथ साथ समीक्षा करते हुए हमें आगामी कार्यक्रमो को भी बेहतर ढंग से करना है हर बूथ पर ग्यारह ग्यारह प्रशिक्षित कार्यकर्ताओ की टोली हो तो हर कार्यक्रम सफल होते है। सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने कहा कि अंतरीम केन्द्रीय सरकार मे महात्मा गांधी और सरदार पटेल जैसे नेताओ ने डा.मुखर्जी जी के प्रवेश पर समावेश का समर्थन किया। स्वतंत्र भारत की औद्योगिक व्यवस्था की बुनियादी संरचना डा.मुखर्जी जी ने खडी की। श्री पंवार ने कहा कि डा. मुखर्जी संविधान सभा के सदस्य थे जिन्होने भारत के संविधान निर्माण मे अपना अमूल्य योगदान दिया।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कान्हावाड़ी में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मप्र जन अभियान परिषद द्वारा स्वैच्छिकता पर्व अभियान के अंतर्गत ग्राम कान्हावाड़ी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ग्राम अर्जुनगोंदी में 15 जामुन के पौधों का रोपण किया गया तथा 25 सागौन के पौधों के आसपास सफाई कर संरक्षण के लिए थाले बनाए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण एवं पौधों के संवर्धन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में कान्हावाड़ी के सामाजिक कार्यकर्ता नरेंद्र उइके, जिला समन्वयक संतोष सिंह राजपूत, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के जोधा धुर्वे, संजय जी, रामशंकर गोह, देवेंद्र उइके, कुवलाल उइके, मंडराम उइके, अमृतलाल यादव, योगेश यादव, सांवलाल उइके, कानुलाल उइके, दशरथ उइके, राजू यादव, रामकिशोर मरावी, आशा उइके, भैरसा भटेके, ग्राम पंचायत के सचिव, सहसचिव, रोजगार सहायक तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

कचरा उत्पादक संस्थानों को कराना होगा पंजीयन

नियमों का करना होगा पालन, उल्लंघन पर भरना होगा प्रतिदिन 200 रुपए जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

कचरा प्रबंधन को लेकर पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय बेहद गम्भीर है। मंत्रालय ने नगर पालिका और परिषदों को इस संबंध में पत्र लिखकर कचरा प्रबंधन के लिए सभी को प्रेरित करने एक नियमावली जारी की है और इसके साथ ही इसका पालन करना अनिवार्य किया है। ऐसा नहीं करने पर उनके खिलाफ प्रतिदिन 200 रुपए या इससे अधिक का जुर्माना करने आदेश जारी किए हैं। नगर परिषद बैतूल बाजार के सीएमओ नलिन चिंनचलवार ने इस पत्र का हवाला देते हुए बताया कि पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 अधिसूचित किए गए हैं, जो 01 अप्रैल 2026 से पूर्ण रूप से प्रभावी हो गए हैं। उन्होंने बताया कि निकाय सीमा क्षेत्र अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 लागू कर दिए गए हैं। उक्त नियम के नियम क्रमांक 3(अ)(आई), 6 एवं 10 में थोक कचरा उत्पादक की श्रेणी के लिए वर्णित परिभाषा एवं प्रावधानों को जमीनी स्तर पर लागू करने का निर्णय लिया गया है। जिसके अनुसार भारी मात्रा के अपशिष्ट जनित हैं, जो इन मानकों में से कम से कम एक को पूरा करते हो, जैसे 20,000 वर्ग मीटर या

उससे अधिक क्षेत्रफल वाले भवन, या प्रतिदिन 40,000 लीटर पानी की खपत, या प्रतिदिन 100 किलोग्राम ठोस अपशिष्ट उत्पादन व निकाय सीमा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले मैरिज गार्डन, होटल, रेस्टोरेंट, धर्मशाला, छात्रावास, सामुदायिक भवन, रहवासी संघ एवं अन्य संस्थान आदि, जो कम से कम एक मानदंड को पूरा करते हैं, वे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अधिनियम-2026 के अनुसार थोक कचरा उत्पादक की श्रेणी में माने जाएंगे। ऐसे थोक कचरा उत्पादकों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन अधिनियम-2026 का पालन करना अनिवार्य है।

थोक कचरा उत्पादक के लिए दिशा-निर्देश

सभी थोक कचरा उत्पादकों को केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा तैयार केंद्रीकृत पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य है। संस्थान में उत्पन्न गीले, सूखे एवं घरेलू खतरनाक अपशिष्ट को पृथक-पृथक एकत्र करना। एकत्र गीले कचरे का संस्थान में ही निपटान करना। पिट कम्पोस्टिंग, बायोगैस या अन्य मशीन एवं अन्य माध्यमों से कचरे का निपटान करना। प्रतिदिन उत्पन्न कचरे के नियमानुसार प्रबंधन के लिए केयर टेकर नियुक्त करना, निपटाए गए गीले कचरे से उत्पन्न खाद का उपयोग करना।

संबंधित पर लगेगा 200 रुपए प्रतिदिन अर्थदंड

संस्थान से निकलने वाले सूखे एवं अन्य अपशिष्ट को निकाय के अधिकृत कचरा संग्रहक को सौंपना होगा। प्रतिदिन प्रसंस्कृत किए गए गीले अपशिष्ट एवं उत्पन्न खाद की लॉग बुक का संधारण करना, यदि संस्थान अपने परिसर में ही गीले कचरे का प्रसंस्करण करने में असमर्थ है, तो नियमानुसार निकाय अथवा निकाय द्वारा अधिकृत संस्थान से गीले कचरे के प्रसंस्करण के लिए अनुबंध कर निकाय से विस्तारित थोक अपशिष्ट जनित उत्तरदायित्व प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाना अनिवार्य होगा। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के नियम क्रमांक 6 एवं 10 में वर्णित समस्त प्रावधानों का पालन करना अनिवार्य होगा। इन दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए सभी थोक कचरा उत्पादक अपने परिसर में ही कचरे का निपटान किया जाना सुनिश्चित करें, अन्यथा निकाय द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने बताया कि यदि उल्लंघन पाया जाता है, तो संबंधित के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही 200 रुपए प्रतिदिन के हिसाब से अर्थदण्ड भी अधिरोपित किया जाएगा।

इनका कहना है -

कचरा प्रबंधन के लिए पर्यावरण मंत्रालय ने नए आदेश जारी किए हैं। इन आदेशों का पालन कराना अनिवार्य है। कचरा प्रबंधन ना होने पर जुर्माना करने के आदेश भी दिए गए हैं।

- नलिन चिंनचलवार, सीएमओ, नगर परिषद बैतूलबाजार, जिला बैतूल

खबर संक्षेप

नागरिकों से सुरक्षित मार्ग अपनाने की अपील

सीहोर। लगातार हो रही वर्षा के कारण सीहोर जिले के ढाकनी–मुगली मार्ग पर पापनास नदी स्थित पुल पर पानी का बहाव बना हुआ है। नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा दोनों ओर कोटवार एवं पुलिस दल की तैनाती की गई है, ताकि आवागमन पर सतत निगरानी रखी जा सके और किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी स्थिति में जलभराव वाले पुल, पुलिया अथवा तेज बहाव वाले स्थानों को पार करने का प्रयास न करें। थोड़ी-सी लापरवाही गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। नागरिक केवल सुरक्षित एवं वैकल्पिक मार्गों का ही उपयोग करें तथा प्रशासन द्वारा दिए जा रहे निर्देशों का पालन करें। किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और आवश्यकता पड़ने पर स्थानीय प्रशासन से संपर्क करें।

आवारा कुत्तों के झुंड ने मासूम पर किया हमला

आष्टा। शहर में आवारा कुत्तों का खतरा कम होता नहीं दिख रहा है। यहां चार-पांच आवारा कुत्तों के एक झुंड ने शुक्रवार की रात साईं कॉलोनी में 10 साल की एक मासूम बच्ची पर अचानक जानलेवा हमला कर दिया। वो तो गनीमत रही कि फरिस्ता बनकर घटना स्थल के पास से निकल रहे सर्राफा व्यापारी जय सोनी ने बच्ची की चीख पुकार सुनकर अपनी बाइक रोकी और कुत्तों को भगाकर बच्ची की जान बचाई।

पचमढ़ी पहुंच मार्ग पर बारिश होने के कारण हो रही है, विजिबिलिटी बेहद कम

पचमढ़ी क्षेत्र में पिछले 48 घंटे से लगातार जारी है, मूसलाधार बारिश

जिले मे बारिश का दौर प्रारंभ हो गया है, सतपुडा की रानी पचमढी और इसके आसपास के इलाकों में मौसम ने रोद्र रूप धारण कर लिया है, बारिश के कारण लोग परेशान भी है और किसानों में खुशी का माहौल भी है ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



सतपुड़ा की रानी पचमढ़ी और इसके आसपास के इलाकों में मौसम ने रौद्र रूप धारण कर लिया है। बीते 48 घंटों से क्षेत्र में बादलों की गड़गड़ाहट और बिजली की चमक के साथ लगातार मूसलाधार बारिश का दौर जारी है। इस भारी बारिश के कारण जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हुआ है, वहीं मौसम के बदले मिजाज ने पर्यटकों और राहगीरों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं।

बारिश थमते ही घने कोहरे की चादर, विजिबिलिटी हुई शून्य के करीब है। क्षेत्र में हो रही अतिवृष्टि के कारण एक बेहद चौंकाने वाला नजारा देखने को मिल रहा है। बारिश की रफ्तार थोड़ी कम होते ही पूरे शहर और पचमढ़ी पहुंच मार्ग (घाटी क्षेत्र) में अचानक अत्यधिक घना कोहरा छा जाता है। कोहरे का असर इस कदर है कि सड़कों पर विजिबिलिटी (दृश्यता) काफी कम हो गई है, जिससे सामने से आने वाले वाहन भी दिखाई नहीं दे रहे हैं।

आने वाले दिनों में भी राहत के आसार नहीं

मौसम विभाग से प्राप्त आंकड़ों और पूर्वानुमान के अनुसार, पचमढ़ी और आसपास के क्षेत्रों में आने वाले कुछ दिनों तक मौसम का यही रुख बना रहेगा। आगामी दिनों में भी भारी बारिश और इसी तरह का घना कोहरा देखने को मिल सकता है।

ऐसे में स्थानीय निवासियों तथा बाहर से आने वाले सैलानियों को बारिश के मौसम में सतर्क रहने की की सलाह दी जाती है।

पिपरिया में लगातार बारिश से लोग परेशान, बाजार प्रभावित

पिपरिया। रविवार शाम को एक घंटे तक मूसलाधार बारिश हुई, जिससे शहर में जगह-जगह जलभराव हो गया। बारिश के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हुई और साप्ताहिक हाट बाजार भी प्रभावित हुआ। सुबह से ही मौसम में बदलाव देखा गया और आसमान में बादल छाए रहे। शाम 6 बजे से 7 बजे तक हुई इस बारिश के साथ तेज हवाएं भी चलीं।

बिजली गुल होने से परेशान होते रहे लोग

बारिश होते ही फाल्ट होने के कारण बिजली विभाग ने पावर कट कर दिया, जिससे शहर के कई इलाकों में अंधेरा छा गया। इतवारा बाजार में लगने वाला साप्ताहिक हाट बाजार बिजली गुल होने से बुरी तरह प्रभावित हुआ। ग्राहकों और दुकानदारों को अंधेरे में परेशानी का सामना करना पड़ा और कई जगह मोबाइल की रोशनी में काम चला। ओवरब्रिज के पास कच्ची सड़क पर जलभराव के कारण आवागमन में दिक्कतें आईं। हालांकि, राहत की बात यह रही कि साप्ताहिक हाट बाजार का क्षेत्र सीमेंटेड होने के कारण बाजार में कीचड़ नहीं हुई।

पिपरिया भाजपा की कामकाजी बैठक संपन्न, कार्यकर्ता हुए शामिल

सभी पदाधिकारियों की रही उपस्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया भाजपा के पिपरिया नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर की कामकाजी बैठक भाजपा कार्यालय में सम्पन्न हुई, तो ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी के द्वारा कामकाज बैठक सम्पन्न हुई।तो खापरखेड़ा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजा भैया के द्वारा कामकाज बैठक व्यवस्था हथवासमे सम्पन्न हुई। जिसमें भाजपा विधायक ठाकुरदास नागवंशी जिला अध्यक्ष प्रीती शुक्ला पूर्व जिला सतर्कता निगरानी समिति सदस्य अरविंद राय उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल पवन वालिया सरपंच सुलभ गोदानी सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में सभी मंडल में अलग-अलग वक्ताओं तथा पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं की डियुटी लगाई गई थी।

माल्यार्पण कर किया कार्यक्रम शुभारंभ

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया। सभी प्रभारी पदाधिकारी ने आगामी कार्ययोजना के बारे में जानकारी प्रदान की। संगठन पार्टी के नियमानुसार चलने की बात कही गई।

कार्यकर्ता रहे उपस्थित

नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर के कार्यक्रम में नगरपालिका परिषद की सभी महिला पार्षद महिला मोर्चा कि समाजसेवी संस्थाओं की सभी महिला पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

मंडल के सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। पिपरिया ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी के सभी मंडल के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन प्रारंभ किया गया।

प्रतिबंध के बाद भी रात में तवा पुल से निकाले जा रहे भारी वाहन, प्रशासन ने साधी चुप्पी

अपनाए जा रहे वैकल्पिक मार्ग भी नहीं ठीक, सड़कों पर लग रहा जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

नर्मदापुरम पिपरिया स्टेट हाईवे स्थित सड़क मार्ग तवा पुल की हालत खराब है। जिला प्रशासन के निर्देशानुसार आठ जुलाई तक प्रतिदिन चार घंटे यातायात बंद रखकर मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। लेकिन रात्रि में भारी वाहन निकाले जा रहे हैं। हां वही देखा जा रहा है कि प्रशासन की मनाही के बावजूद भारी वाहन तवा पुल से रात्रि में निकाले जा रहे हैं। शनिवार-रविवार की दरमियानी रात लगभग 12:30 बजे नर्मदापुरम् से पिपरिया की ओर जाता एक ट्रक तवा पुल की ओर सहमति देते हुए बढ़ाया गया। लेकिन पुल के किनारे पर लगाए गए लोहे के एंगलों के चलते ट्रक आगे नहीं बढ़ सका। स्पष्ट है कि यदि एंगल राह नहीं रोकता तो ट्रक को आगे बढ़ाया जा सकता था। जबकि जिला प्रशासन द्वारा इसकी मनाही की गई है।

वैकल्पिक मार्ग खस्ताहाल

तवा पुल सुधार के चलते आवाजाही के लिए वैकल्पिक मार्ग दिए हैं। लेकिन नर्मदापुरम् से सांगाखेड़ा होते हुए आरी व माखननगर मार्ग भारी वाहनों की आवाजाही के अनुकूल नहीं हैं। चालकों ने हरिभूमि को बताया कि नर्मदापुरम् से सांगाखेड़ा सड़क में गड्ढे हैं। जिनमें बरसात के कारण कीचड़ जमा होने से वाहनों को क्षति होगी। सांगाखेड़ा से सूरजकुंड और इसके आगे आरी रोड भी ठीक नहीं है। सभी सिंगल लेन रूट हैं। जिनसे भारी वाहनों की आवाजाही सामान्य रूप से नहीं हो पा रही है। आमने-सामने भारी वाहन खड़े होने पर जाम लगता है। तब तवा पुल के सुधार के चार घंटे वैकल्पिक मार्गों पर यात्रियों के लिए मुश्किल का समय बन जाते हैं। नागरिकों ने मांग की है कि शीघ्र तवा पुल को दुरुस्त कर स्थाई यातायात के लायक बनाया जाए।

वनमहोत्सव 2026 के तहत नर्मदा तट पर 600 पौधों का हुआ रोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

वनमहोत्सव 2026 के अंतर्गत नर्मदापुरम में रविवार को नर्मदा नदी के तट पर हर्बल पार्क से चौरे घाट तक वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण में वृद्धि तथा नर्मदा तट के पारिस्थितिक संतुलन को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। इस अवसर पर लोकसभा सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, कलेक्टर सोमेश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण एस. थोटा एवं वनमंडलाधिकारी गौरव शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। वनमहोत्सव के दौरान कुल 600 पौधे रोपे गए। इनमें वट, पीपल, अर्जुन, चिरोल, नीम, आंवला सहित विभिन्न फलदार एवं छायादार प्रजातियों के पौधे शामिल रहे। इन पौधों के माध्यम से नर्मदा तट को अधिक हरित एवं पर्यावरणीय दृष्टि से समृद्ध बनाने का प्रयास किया गया। मुख्य अतिथि सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कहा कि वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण का सबसे प्रभावी माध्यम है।

जिलाध्यक्ष से बोले भाजपाई- हम भी किसान किसानों की पीड़ा पर आवाज उठाना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

गत दिवस सोहागपुर में विधायक विजयपाल सिंह के कार्यालय में भाजपा की मंडल कार्यसमिति की बैठक हुई। जिसमें उपस्थित हुई भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला से भाजपाईयों ने किसानों की समस्याओं को दूर करने की मांग की है। सभी कार्यकर्ताओं ने भाजपा सोहागपुर मंडल अध्यक्ष अश्वनी सरोज के नेतृत्व में जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला के समक्ष विषय रखा कि किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए सरकार, किसान तथा प्रशासन के मध्य सेतु रूप में कार्य करें। कार्यकर्ताओं ने कहा कि मूंग खरीदी में प्रति एकड़ रकबा बढ़ाने की मांग सरकार तक पहुंचाएं।

मुखर हुए कार्यकर्ता

बैठक के बाद जिलाध्यक्ष से चर्चा में कार्यकर्ता कृषक समस्याओं पर मुखर हो बोले। उन्होंने कहा कि

वर्तमान में खाद उपलब्धता कम है एवं टोकन प्रक्रिया प्रभावी नहीं है। मूंग खरीदी में प्रति एकड़ तय रकबा कम होने से किसान असंतुष्ट हैं तथा उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

नेताओं ने कहा कि सरकार को किसानों के हित में व्यवहारिक निर्णय लेने होंगे। कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि शासन प्रति एकड़ मूंग खरीदी सीमा बढ़ाए, जिससे किसानों को राहत मिले। किसान उपज बेचने के लिए परेशान हैं, अतः खरीदी व्यवस्था में सुधार हो। कार्यकर्ताओं ने यह भी कहा कि वे भी किसान हैं, इसलिए किसानों की समस्या को गंभीरता से उठाना सभी की जिम्मेदारी है। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने कार्यकर्ताओं को आश्वासन दिया कि किसानों की समस्याओं को प्रदेश नेतृत्व व प्रशासन के समक्ष प्रमुखता से रखेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार कृषक हितों के प्रति संवेदनशील है, तथा समस्या निराकरण के निरंतर प्रयास जारी हैं।

हैदराबाद में होने वाले नेशनल चैंपियनशिप में खेलेंगे पिपरिया के खिलाड़ी, मिल रही बधाइयां

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र सहित नगर पालिका परिषद क्षेत्र के सांदीपनि विद्यालय के खिलाड़ी होंने बाले हैदराबाद में जूनियर नेशनल चैंपियनशिप में शामिल होकर नाम रोशन करेंगे । दो रग्बी खिलाड़ी का चयन किया गया है। देवास में आयोजित 5 दिवसीय चयन शिविर के आधार पर हुआ है। खिलाड़ियों के

चयन के लिए खेल प्रेमियों एवं प्रशिक्षण देने वाले शिक्षकों ने खुशी जताई है।

मिल रही बधाईयां

जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग जिला रग्बी संघ के लोगो ने बधाई दी। संस्था के प्रवारय संजीव दुबे खेल समन्वयक प्रीतमसिंह ठाकुर सहित अन्य सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को की उपस्थिति में कार्यक्रम समाप्त कर दिया गया।

जिला परियोजना समन्वयक ने कन्या उत्कृष्ट विद्यालय जुमेराती का किया निरीक्षण, छात्राओं को किया प्रोत्साहित

नर्मदापुरम। कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के शासकीय विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता, विद्यार्थियों की प्रगति एवं आवश्यक व्यवस्थाओं की सतत निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में जिला परियोजना समन्वयक श्री राजेश जायसवाल द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जुमेराती, नर्मदापुरम का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री जायसवाल ने छात्राओं के शैक्षणिक स्तर एवं गुणवत्ता का आकलन किया तथा बेहतर प्रदर्शन के लिए उन्हें टॉफी प्रदान कर प्रोत्साहित किया। उन्होंने छात्राओं को प्रतिदिन नियमित व्यायाम करने, डायरी लिखकर अपनी दिनचर्या व्यवस्थित रखने तथा पुरानी कॉपियों के कोरे पृष्ठों एवं पुस्तकों का सदुपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने पूर्व प्राथमिक कक्षाओं के लिए राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा उपलब्ध कराई गई शिक्षण सामग्री का भी अवलोकन किया तथा संस्था की प्रधानाध्यापक को सामग्री का प्रभावी एवं समुचित उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के नामांकन में वृद्धि के उद्देश्य से वार्ड स्तर पर संपर्क अभियान चलाने एवं आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कीर्ति शिवपुरिया उपस्थित रहीं।

नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया साइबर फ्रॉड से बचाव का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा युवाओं को नशे से बचाने तथा आमजनों को साइबर फ्रॉड से बचाने के लिए विविध स्तर पर प्रयास किये जा रहे हैं। इसके लिए गत दिनों सोहागपुर पुलिस द्वारा नुक्कड़ नाटक का मंचन कराया गया। सोहागपुर थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी ने बताया कि शहर के विविध स्थानों पर नुक्कड़ नाटक का मंचन कराया। जिसमें कलाकारों ने अभिनय के माध्यम से बताया कि किस तरह से नशे से ना सिर्फ परिवार, बल्कि समाज भी बर्बाद हो सकता है। वहीं साइबर फ्रॉड से होने वाली परेशानियों के बारे में भी कलाकारों ने जानकारी दी। साथ ही संदेश दिया कि कैसे साइबर फ्रॉड से बच सकते हैं। त्रिपाठी के अनुसार सोहागपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत विविध स्थलों पर नुक्कड़ नाटकों का मंचन किया जाएगा।

कलेक्टर के निर्देश पर जारी कार्रवाई

मुख्य मार्गों से हटाए गए अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार शहर में यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने एवं सार्वजनिक मार्गों को अतिक्रमण मुक्त करने के उद्देश्य से सोमवार को विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) श्री देवेंद्र प्रताप सिंह, तहसीलदार नर्मदापुरम शहर श्रीमती सरिता मालवीय एवं नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) श्री वैभव देशमुख के नेतृत्व में शहर के प्रमुख मार्गों, कमिश्नर कार्यालय के सामने तथा जिला जेल के सामने अवैध रूप से

सड़क एवं सार्वजनिक स्थानों पर फल एवं सब्जी की दुकानें लगाकर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। अभियान के दौरान हाथ ठेले एवं अन्य सामान की जप्ती की कार्रवाई की गई तथा नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों पर नियमानुसार जुर्माना भी लगाया गया। अधिकारियों ने सभी दुकानदारों को समझाइश देते हुए निर्देश दिए कि वे भविष्य में केवल नगर पालिका द्वारा निर्धारित स्थानों पर ही अपनी दुकानें एवं हाथ ठेले लगाएं। साथ ही चेतावनी दी गई कि सार्वजनिक मार्गों पर पुनः अतिक्रमण पाए जाने पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

मप्र जन अभियान परिषद का स्थापना दिवस,स्वैच्छिक पर्व का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस के उपलक्ष में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद सभी जिलों में स्वैच्छिक पर्व का आयोजन किया जा रहा हैं। इसी क्रम में माखननगर की विकासखण्ड समन्वयक श्रीमती सुखवती वर्मा के मार्गदर्शन में सेक्टर क्रमांक 03 की प्रस्फुटन समितियों के साथ स्वैच्छिक पर्व पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर नवांकुर संस्था प्रतिनिधि सुरेश यादव ने कहा कि अभियान केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह माँ के प्रति सम्मान, पर्यावरण संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संदेश भी देता है। इस अवसर पर नवांकुर संस्था प्रतिनिधि सुरेश यादव, विपिन यादव, प्रो आई.एस. कनेस, प्रस्फुटन समिति के सदस्य सौरभ सिंह राजपूत, शुभम यादव, विपिन अहिरवार, देवेन्द्र राजपूत, पूनमचंद अहिरवार, अमन तिवारी, आशीष मालवीय, उपस्थित रहे।

साइबर जागरुकता: साड़ा कार्यालय में पुलिस ने दी डिजिटल सुरक्षा की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार वर्तमान में चलाए जा रहे 'सेल्फ क्लिक 2.0' साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज, 4 जुलाई 2026 को पचमढ़ी में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

स्थानीय विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण (साड़ा) कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में थाना प्रभारी पचमढ़ी श्रीमती सुरेखा निमोदा एवं पुलिस स्टाफ द्वारा उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को वर्तमान में बढ़ रहे डिजिटल अपराधों के प्रति सचेत किया गया। कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी श्रीमती सुरेखा निमोदा ने

वर्तमान में सक्रिय विभिन्न साइबर फ्रॉड के तरीकों के बारे में विस्तार से समझाया साथ ही कानून का डर दिखाकर लोगों को ऑनलाइन बंधक बनाने वाले फ्रॉड से बचने के तरीके। घर बैठे मोटी कमाई का लालच देने वाले फर्जी विज्ञापनों की सच्चाई। अज्ञात लिंक के जरिए खतरनाक ऐप्स डाउनलोड करवाकर मोबाइल हैक करने की कार्यप्रणाली। थाना प्रभारी ने कहा कि अपने मोबाइल फोन में कोई भी एप्लीकेशन हमेशा आधिकारिक गूगल प्ले स्टोर या एप्पल ऐप स्टोर जैसी प्रामाणिक वेबसाइटों से ही डाउनलोड करें।

खबर संक्षेप

ससुराल पक्ष की प्रताड़ना से परेशान युवक ने जान दी

हरदा। जिले के छिपाबड़ थाना क्षेत्र में एक युवक द्वारा कथित रूप से ससुराल पक्ष की प्रताड़ना से परेशान होकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। युवक ने सल्फास का सेवन करने से पहले एक वीडियो भी बनाया, जो घटना के बाद सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, अंकित पिता धीरज (21 वर्ष) कृषि उपज मंडी, खिरकिया में अनुकंपा नियुक्ति पर पिछले चार वर्षों से भृत्य के पद पर कार्यरत था। बताया जा रहा है कि उन्होंने सल्फास की गोली खा ली। गंभीर हालत में उन्हें शाम करीब 5:30 बजे खिरकिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल हरदा रेफर किया गया। उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना से पहले बनाए गए वीडियो में अंकित ने कथित तौर पर अपनी पत्नी, मामी और ससुराल पक्ष के अन्य लोगों का नाम लेते हुए आरोप लगाया कि वह उनकी प्रताड़ना से परेशान होकर यह कदम उठा रहा है। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि, वीडियो में लगाए गए आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है और पुलिस इसकी जांच कर रही है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। प्रारंभिक तौर पर मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। जांच के दौरान वायरल वीडियो, पारिवारिक परिस्थितियों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि अंकित का विवाह टिमरनी क्षेत्र में हुआ था। घटना के बाद परिजनों में शोक का माहौल है। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही आत्महत्या के कारणों और आरोपों की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

3 टन 300 किलो अवैध मछली जब्त की

हरदा। मत्स्य महासंघ के वरिष्ठ क्षेत्रीय सहायक प्रबंधक अजय श्रीवास्तव द्वारा आरोपी साकिब पिता सौकत रजा, वार्ड क्रमांक 02, खेड़ीपुरा द्वारा अवैध रूप से मछली चोरी एवं परिवहन की शिकायत की गई। शिकायत पर थाना कोतवाली प्रभारी रोशन लाल भारती द्वारा 4 जुलाई को आरोपी पर धारा 303 (2) , 223 बी.एन.एस. पर कायमी कर राठी पेट्रोल पंप के पास के एक मकान से लगभग 3 टन 300 किलो मछली जप्त की गई। उनके पास मत्स्य निरीक्षक हरदा सरिता चौकीकर एवं सुशील गौर का हस्ताक्षरित नीलामी पत्रक प्राप्त हुआ, जिसमें 800 किलो मछली जाहिद गौरी निवासी हरदा को 25 हजार रूपये राशि प्राप्त कर अंतरित करना ज्ञात हुआ।

मूंग की शत-प्रतिशत खरीदी की मांग को लेकर धरना दूसरे दिन भी जारी रहा

किसानों ने हनुमान चालीसा व सदबुद्धि यज्ञ कर मांगों को पूरी करने का कहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

समर्थन मूल्य पर मूंग की शत-प्रतिशत खरीदी की मांग को लेकर भारतीय किसान संघ का अनिश्चितकालीन धरना बुधवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। धरने के दौरान किसानों ने राज्य सरकार से जल्द मांग पूरी करने की अपील करते हुए हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ और सदबुद्धि यज्ञ का आयोजन किया। भारतीय किसान संघ जिला हरदा के तत्वावधान में आयोजित धरना-प्रदर्शन के दूसरे दिन हरदा तहसील इकाई के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए। इस दौरान जिले के विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी भी धरना स्थल पहुंचे और किसान संघ के आंदोलन को अपना समर्थन दिया। वहीं अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के पदाधिकारी रैली के रूप में धरना स्थल पहुंचे और किसानों की मांगों का समर्थन किया।

सभा को संबोधित करते हुए विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों ने राज्य सरकार की नीति पर सवाल उठाते हुए कहा कि जब सरकार को मूंग उत्पादन की वास्तविक स्थिति की जानकारी है, तब खरीदी की मात्रा सीमित करने का निर्णय किसानों के हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते शत-प्रतिशत खरीदी का निर्णय नहीं लिया गया तो किसानों में असंतोष और बढ़ेगा। धरना स्थल पर वक्ताओं ने शासन से मूंग की पूरी उपज समर्थन मूल्य पर खरीदने का निर्णय लेने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसानों की मांगों की अनदेखी जारी रही तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। धरने के समापन पर भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने राज्य शासन की सद्बुद्धि के लिए सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया तथा सद्बुद्धि यज्ञ आयोजित कर किसानों के हित में शीघ्र निर्णय लेने की प्रार्थना की।

इस अवसर पर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिलाध्यक्ष कमल सोनी, कुर्मी क्षत्रिय गौर समाज के जिलाध्यक्ष नर्मदाप्रसाद गौर, राजपूत समाज के प्रांतीय सचिव अजब सिंह राजपूत, सोनी समाज के अध्यक्ष मदनलाल सोनी, नार्मदीय समाज के अध्यक्ष अशोक पाटीदार, गुर्जर समाज के अध्यक्ष डॉ. रामकिशोर दुगाया, बलाही समाज के प्रांतीय सचिव रामकृष्ण बुनकर, सिख समाज की अध्यक्ष सुरेंदर कौर, भारतीय किसान संघ के प्रदेश मंत्री योगेंद्र भांभू, संभाग सदस्य बृजमोहन राठौर, रामकृष्ण मुकाती, हरिशंकर सारण, बालकृष्ण मलगाए, राजेंद्र बांके, हरदा तहसील अध्यक्ष अरुण पटवारे, बालकदास छापरे, शिवदान सिंह राजपूत, विनय यादव, नारायण मालवीय, मुकेश दुगाया सहित बड़ी संख्या में किसान एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

धरना स्थल पर बनाया भोजन

जिले के विभिन्न गांवों से आए सैकड़ों किसानों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी और प्रदर्शन किया। देर रात को किसानों ने धरना स्थल पर ही अपने लिए भोजन तैयार किया। उन्होंने चूल्हे पर रोटियां सेंकी और सब्जी बनाकर साथ में भोजन किया, फिर मंडी में ही रात्रि विश्राम किया।

धूप-बादल में आंख-मिचौनी चली

दो दिन की झमाझम बारिश के बाद खिली धूप, राहत मिली

लगातार दो दिन की वर्षा के कारण जनजीवन कुछ हद तक प्रभावित हुआ था

रविवार को मौसम सामान्य रहा, बाजारों में भी चहल-पहल देखने को मिली।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले में पिछले दो दिनों तक हुई झमाझम बारिश के बाद रविवार को मौसम का मिजाज बदला नजर आया। सुबह से ही कभी धूप खिली तो कभी आसमान में बादल छाए रहे। धूप और बादल की आंख-मिचौनी के बीच लोगों ने लगातार बारिश के बाद राहत महसूस की। लगातार दो दिन की वर्षा के कारण जहां जनजीवन कुछ हद तक प्रभावित हुआ था, वहीं रविवार को मौसम अपेक्षाकृत सामान्य रहा। बारिश नहीं होने से लोगों ने अपने जरूरी काम निपटाए और बाजारों में भी चहल-पहल देखने को मिली। वातावरण में नमी बनी रही, लेकिन बीच-बीच में निकलती धूप से मौसम सुहावना हो गया।

किसानों ने भी खेतों का रुख कर फसलों की स्थिति का जायजा लिया। पिछले दिनों हुई अच्छी बारिश से खेतों में पर्याप्त नमी बनी हुई है, जिससे खरीफ फसलों, विशेषकर सोयाबीन के अंकुरण के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हैं। किसानों का कहना है कि यदि आगामी दिनों में भी संतुलित बारिश होती रही तो फसलों को इसका भरपूर लाभ मिलेगा। इधर, मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में जिले में फिर बारिश की संभावना बनी हुई है। ऐसे में किसानों और आम नागरिकों को मौसम के पूर्वानुमान पर नजर रखने की सलाह दी गई है।

24 घंटे में 4.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज

अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिले में गत 24 घंटों के दौरान 4.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि में हरदा तहसील में वर्षा नहीं हुई, जबकि टिमरनी में 5.3 मिमी, खिरकिया में 16.4 मिमी, सिराली में वर्षा नहीं हुई तथा रहटगांव में 1 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 295.6 मिलीमीटर औसत वर्षा हो चुकी है। तहसीलवार आंकड़ों के अनुसार हरदा में 330.3 मिमी, टिमरनी में 217.6 मिमी, खिरकिया में 334.4 मिमी, सिराली में 292.7 मिमी तथा रहटगांव में 303.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष 5 जुलाई तक जिले में 280.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई थी। इस वर्ष अब तक औसत वर्षा पिछले वर्ष की तुलना में अधिक रिकॉर्ड की गई है, जिससे खरीफ सीजन की फसलों के लिए अनुकूल परिस्थितियां बन रही हैं।

फर्जी शपथ पत्रों के आधार पर पंजीयन

मूंग पंजीयन फर्जीवाड़े के मामले में सिराली पुलिस ने जांच तेज की

हरिभूमि न्यूज ⏭ खिरकिया

मोरगढ़ी क्षेत्र में हुए मूंग पंजीयन फर्जीवाड़े में सिराली पुलिस ने जांच तेज कर दी है। सेवा सहकारी समिति गहाल में अन्य किसानों की भूमि का खसरा उनकी सहमति के बिना उपयोग कर फर्जी शपथ पत्रों के आधार पर ग्रीष्मकालीन मूंग पंजीयन कराने के मामले में दर्ज एफआईआर के बाद पुलिस आरोपियों के बयान और दस्तावेज एकत्र कर रही है। पुलिस का कहना है कि जांच के दौरान और साक्ष्य मिलने पर आरोपियों पर अतिरिक्त धाराएं भी जोड़ी जा सकती हैं तथा जल्द ही गिरफ्तारी की कार्रवाई की जाएगी। जानकारी के अनुसार, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जितेंद्र मंडलोई की शिकायत पर थाना सिराली में अपराध क्रमांक 199/26 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 318(3) एवं 61 में प्रकरण दर्ज किया गया है। मामले में ग्राम चारुवा निवासी नमन राय, पराग राय, रमेश कुमार राय, गणेश प्रसाद चौकसे, राखी चौकसे, खुशबू, सविता सहित समिति के प्रभारी सहायक प्रबंधक पवन धनगर और ऑपरेटर संजय जाट को आरोपी बनाया गया है।

शिकायत के अनुसार, 14 जून से 2 जुलाई 2026 के बीच गहाल सेवा सहकारी समिति की लॉगिन आईडी का उपयोग कर अन्य किसानों की भूमि का फर्जी पंजीयन किया गया। आरोप है कि भू-स्वामियों की अनुमति के बिना फर्जी शपथ पत्र प्रस्तुत कर शासन के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करते हुए लाभ लेने का प्रयास किया गया। प्रकरण की विवेचना कर रहे थाना सिराली के उप निरीक्षक संजय शर्मा ने बताया कि मामले में संबंधित व्यक्तियों के कथन दर्ज किए जा रहे हैं और सभी आवश्यक दस्तावेज जुटाए जा रहे हैं। जांच के दौरान व्यापारियों के संभावित अवैध भंडारण की भी जानकारी एकत्र की जाएगी। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर तेजी से कार्रवाई की जा रही है और पर्याप्त साक्ष्य के आधार पर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी के साथ अन्य उपयुक्त धाराएं भी जोड़ी जा सकती हैं।

वनांचल के राजाबरारी में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम किया गया

ग्रामीणों को साइबर अपराधों के प्रति जागरुक किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहटगांव

सेफ क्लिक्स साइबर जागरूकता अभियान के तहत वनांचल क्षेत्र के ग्राम राजाबरारी में आदिवासी समुदाय, महिलाओं, बालिकाओं एवं विद्यार्थियों के लिए साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को बढ़ते साइबर अपराधों के प्रति जागरूक कर सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों को साइबर अपराध के बदलते स्वरूपों की जानकारी देते हुए बताया गया कि किस प्रकार साइबर ठग ऑनलाइन लोन दिलाने, नौकरी का झांसा देने अथवा अन्य आकर्षक प्रस्तावों के माध्यम से लोगों को ठगी का शिकार बनाते हैं। साथ ही अढङ फ़ाइल भेजकर मोबाइल फोन हैक करने, फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल बनाकर बालिकाओं को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने और ब्लैकमेल करने जैसी घटनाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। महिलाओं एवं बालिकाओं को सोशल मीडिया का सुरक्षित और जिम्मेदारी से उपयोग करने की सलाह दी गई। उन्हें बताया गया कि किसी भी अनजान व्यक्ति की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें, निजी फोटो या व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से बचें, मजबूत पासवर्ड और टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन का उपयोग करें तथा किसी भी संदिग्ध लिंक या एप्लिकेशन को डाउनलोड न करें।

कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 और राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (ठउफढ) के माध्यम से ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया की जानकारी भी दी गई। इसके अलावा मोबाइल फोन गुम या चोरी होने पर उएकफ पोर्टल के जरिए मोबाइल ब्लॉक कराने, उसकी ट्रैकिंग कराने और पुनः प्राप्त करने की प्रक्रिया भी समझाई गई। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने साइबर सुरक्षा से जुड़े कई प्रश्न पूछे, जिनका अधिकारियों ने सरल और व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समाधान किया। अंत में सभी नागरिकों से अपील की गई कि किसी भी अज्ञात कॉल, संदिग्ध लिंक या अढङ फ़ाइल पर भरोसा न करें, डळढ, बैंक खाता, एटीएम कार्ड या वढक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें तथा साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल 1930 पर कॉल करें या ठउफढ पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।

बारिश का पहला कहर: खदान में डूबे 2 मासूम दोस्त, घरों में पसरा मातम

सीहोर। मानसून की पहली बारिश जहां किसानों के चेहरे पर खुशी लाई, वहीं आष्टा क्षेत्र के 2 परिवारों के लिए यह बारिश ताउम्र का मातम बन गई। ग्राम बागेर में स्थित एक बंद पड़ी मुरम की खदान में भरे पानी में नहाने गए दो 12 साल के मासूम दोस्तों की डूबने से मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे इलाके में सन्नाटा पसर गया।

जानकारी के अनुसार ग्राम बापचा दोनिया के रहने वाले दो बच्चे समर पिता संतोष और समर पिता जितेंद्र दोनों की उम्र लगभग 10 वर्ष दोपहर में घर से हंसते-खेलते निकले थे। पास के ग्राम बागेर में मुरम की एक पुरानी खदान में हाल की बारिश से पानी लबालब भरा था। गर्मी से राहत और तैरने के शौक में दोनों बच्चे खदान के गड्ढे में उतर गए। मासूमों को अंदाजा नहीं था कि यह खेल उनकी जिंदगी का आखिरी खेल बन जाएगा।

तैरते-तैरते दोनों बच्चे खदान के उस हिस्से में पहुंच गए जहां खुदाई के कारण गहरा गड्ढा था। नीचे कीचड़ और दलदल होने से उन्हें थाह नहीं मिली। बचने के लिए दोनों ने खूब हाथ-पैर मारे, लेकिन गहराई इतनी थी कि वे संभल नहीं पाए और एक-दूसरे के सामने ही पानी में समा गए। हादसे की सूचना पर आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे। चीख-पुकार के बीच ग्रामीणों ने खदान के पानी में छलांग लगाकर काफी मशक्कत के बाद दोनों बच्चों को बाहर निकाला। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। दोनों की सांसें थम चुकी थीं। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम के लिए आष्टा भेजा।

चौक पर दादा ताश खेलते रहे, इधर नाले में डूब गया मासूम पोता

भैरूंदा। लगातार हो रही बारिश के चलते जहां एक ओर नदी-नाले उफान पर हैं, वहीं दूसरी ओर लापरवाही और अनदेखी छोटे बच्चों के लिए जानलेवा साबित हो रही है। शुक्रवार को थाना भैरूंदा क्षेत्र के ग्राम रिठबाड़ में हादसा सामने आया, जहां पांच साल के मासूम बच्चे की नाले में डूबने से मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसर गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, ग्राम रिठबाड़ निवासी पांच वर्षीय डुग्गू (पिता राकेश) शुक्रवार शाम करीब 4 बजे अपने दादा और बहन के साथ गांव के चौक पर गया था। चौक पर पहुंचने के बाद दादा अन्य लोगों के साथ ताश खेलने में व्यस्त हो गए, जबकि डुग्गू और उसकी बहन पास में ही खेलते रहे। खेलते-खेलते दोनों बच्चे चौक के पास बह रहे नाले की ओर पहुंच गए। बताया जा रहा है कि उस समय नाले में बारिश का पानी तेज बहाव के साथ गुजर रहा था। इसी दौरान डुग्गू खेलते-खेलते नाले के करीब पहुंच गया और अचानक फिसलकर पानी में गिर गया। बहन उस समय आगे निकल गई थी और उसे तुरंत इस बात का अंदाजा नहीं हुआ। कुछ देर बाद जब बहन ने देखा कि डुग्गू साथ में नहीं है, तो वह घबरा गई और तुरंत चौक पर जाकर दादा को जानकारी दी। बच्चे के गायब होने की खबर मिलते ही दादा और आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और उसकी तलाश शुरू कर दी। नाले के किनारे डुग्गू की चप्पल पड़ी मिली, जिससे ग्रामीणों को आशंका हुई कि बच्चा पानी में बह गया है। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही थाना भैरूंदा पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के साथ मिलकर बच्चे की तलाश शुरू की। देर रात तक नाले में सर्चिंग अभियान चलाया गया, लेकिन डुग्गू का कोई पता नहीं चल सका।

यह घटना भैरुंदा इलाके के छीपानेर गांव की बताई जा रही

विद्युत मंडल के आधिकारी-कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

ग्राम सेमरा दांगी के किसान राकेश वर्मा और अशोक वर्मा ने विद्युत वितरण केंद्र खजूरिया कलां एवं विद्युत मंडल के अधिकारियों और कर्मचारियों पर डरा-धमकाकर जबरन कोरे कागजों पर हस्ताक्षर कराने का गंभीर आरोप लगाया है। दोनों किसानों ने शपथपत्र एवं नोटरी के माध्यम से कलेक्टर, एसडीएम, पुलिस अधीक्षक और विद्युत मंडल के अधीक्षण यंत्री को शिकायत सौंपकर दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

दोनों किसानों ने बताया कि 18 जून 2026 को ग्राम बड़बेली में हुई विद्युत दुर्घटना के

समय वे मौके पर मौजूद नहीं थे। बाद में उन्हें जानकारी मिली कि किसान सतीश मेवाड़ा करंट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। आरोप है कि 30 जून 2026 को विद्युत विभाग के अधिकारियों और लाइनमैन ने उन्हें अलग-अलग स्थानों पर बुलाकर डरा-धमकाकर कोरे कागजों पर हस्ताक्षर कराए। किसानों का कहना है कि उन्हें विद्युत चोरी का मामला दर्ज करने और अन्य झूठे प्रकरणों में फंसाने की धमकी दी गई, जिसके भय से उन्हें हस्ताक्षर करने पड़े। राकेश वर्मा और अशोक वर्मा ने मांग की है कि दबाव में कराए गए हस्ताक्षरों को अमान्य घोषित किया जाए तथा संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ वैधानिक एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाए। इस दौरान एम.एस. मेवाड़ा, राकेश वर्मा, अशोक वर्मा, रायसिंह मेवाड़ा, ब्रजेश दांगी, नेपाल दांगी, सुनील, जीवन वर्मा, हेमराज सिंह, प्रहलाद सिंह मेवाड़ा, मिठ्ठूलाल मेवाड़ा, हीरालाल, उमराव सिंह, हरनाम सिंह, उधम सिंह ठाकुर, लक्ष्मण सिंह, राजमल, यादव सिंह मेवाड़ा, रामनारायण, रामचरण मेवाड़ा सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

2 किलो 100 ग्राम गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार किए, 72 हजार का गांजा और मोटर साइकिल जब्त

भैरुंदा। जिले में पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर चलाए जा रहे अवैध मादक पदार्थ विरोधी विशेष अभियान के तहत गोपालपुर थाना पुलिस ने दो गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 2 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा और एक मोटरसाइकिल जब्त की है। जब्त किए गए सामान की कुल कीमत करीब 72 हजार रुपये बताई गई है।

यह कार्रवाई भैरूंदा अनुभाग के एसडीओपी रोशन कुमार जैन के मार्गदर्शन में की गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थ की तस्करी की जा रही है। सूचना के आधार पर गोपालपुर थाना पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया।

22 हजार का गांजा और 50 हजार की बाइक जब्त : गिरफ्तार

आरोपियों की पहचान गोपालपुर निवासी शब्दर और देवास जिले के अतवास निवासी सद्दाम के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उनके पास से 2 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। इसकी बाजार कीमत करीब 22 हजार रुपये बताई गई है। तस्करी में इस्तेमाल की जा रही हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल भी पुलिस ने जब्त कर ली। बाइक की कीमत करीब 50 हजार रुपये बताई गई है।

एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज : पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अब आरोपी सद्दाम से पूछताछ कर रही है, ताकि इस अवैध कारोबार के स्रोत और इससे जुड़े अन्य लोगों का पता लगाया जा सके।